कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) बिहार, पटना

OFFICE OF ACCOUNTANT GENERAL (AUDIT) BIHAR, PATNA

संख्या - ए.एम.एस/लैपटॉप आवंटन/2021-22/97-II/ग-51 दिनांक : 20-05-2021

<u>कार्यालय आदेश</u>

कोविड -19 महामारी की वर्तमान परिस्थिति में आदेशानुसार इस कार्यालय के सभी कर्मियों को अपने – अपने घरों से ही कार्य करने का निर्देश दिया गया है | निश्चय ही इसके अनुपालन के लिए उन सभी कर्मियों, जिन्हें अपने कर्तव्यों के निष्पादन हेतु डिजिटल कागजातों का अध्ययन तथा नए डिजिटल कागजातों का सृजन करना होता है, को कार्यालय के तरफ से लैपटॉप आवंटित किये जाने की आवश्यकता है। ऐसे कर्मियों में मुख्यतः सभी प्रतिवेदन अनुभागों, सभी मुख्यालय अनुभागों एवं प्रशासन प्रक्षेत्र के सभी अनुभागों के कर्मीगण शामिल हैं । परंतु वर्तमान में कार्यालय में लैपटॉप की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने के कारण इनमें से कई अधिकारियों/ कर्मियों को लैपटॉप निर्गत नहीं किया जा सका है |

अतः वर्तमान परिस्थिति एवं कार्यालय हित को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रदल तथा वेटिंग अनुभागों में पदस्थापित सभी कर्मियों, जिन्हे कार्यालय से लैपटॉप निर्गत किया गया है, को निर्देश दिया जाता है कि वे उक्त लैपटॉप को ए. एम. एस. अनुभाग को वापस कर दें ताकि वैसे कर्मीगण जिन्हें इनकी तत्काल आवश्यकता है, को प्राथमिकता के आधार पर आवंटित किया जा सके |

कृपया इसे गंभीरता से लें ।

महालेखाकार (लेखापरीक्षा) बिहार, पटना के अनुमोदन से जारी।

ह०/-

उप महालेखाकार (प्रशासन)

सूचना एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रतिलिपि प्रेषित-

1. महालेखाकार (ले.प.) बिहार के सचिव
2. सभी उप महालेखाकार के सचिवालयों
3. सभी अनुभागों के नियंत्रण अधिकारियों
4. सूचना पट्ट

ह०/-

व. ले. प.अ /ए. एम. एस